प्रादेशिक समाचार
09.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने के महत्व को रेखांकित किया।

********************

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व–सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई दर 2025–26 में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि 2025–26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव पांच प्रतिशत किया गया है।

********************

केंद्र सरकार ने डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए नया आधार मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप से अब लोगों को आधार कार्ड की फिजिकल कॉपी लेकर चलने की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई सुविधा की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की।

********************

देवघर एम्स से अब गंभीर रोगियों को सीधे दिल्ली एम्स रेफर किया जा सकेगा, जहां उन्हें उन्नत चिकित्सा सुविधा मिलेगी। यह निर्णय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया, जिसकी जानकारी सांसद निशिकांत दुबे ने दी। सांसद ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम बताते हुए देवघर और आसपास के मरीजों के लिए बड़ी राहत करार दिया।

********************

रांची के ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में आज शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीरता पदक प्राप्त अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया गया और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, साकेत कुमार सिंह ने किया। यह दिन 1965 के उस वीरता अभियान की याद में मनाया गया जब हॉट स्प्रिंग्स (लद्दाख) में पाकिस्तान सेना को करिउरंग में मुंहतोड़ जवाब दिया गया था। कार्यक्रम में रांची जिले के 15 वीर नारियों को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

********************

डुमरी विधायक जयराम महतो के जान के खतरे की आशंका जताते हुए उनकी पार्टी जेएलकेएम ने गृह मंत्री अमित शाह से जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय सचिव राजदेश रतन ने इस संबंध में पत्र लिखकर कहा कि जयराम महतो असामाजिक तत्वों के निशाने पर हैं। विधायक की लोकप्रियता और जनसमर्थन को देखते हुए पार्टी ने सुरक्षा देना जरूरी बताया है।

********************

पान गुमटी की आड़ में धनबाद जिले में नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री की शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंची है।

********************

झारखंड–पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले धनबाद के चिरकुंडा थाना क्षेत्र और कालूबथान ओपी क्षेत्र में पश्चिम बंगाल एनआईए की टीम ने छापेमारी कर भारी 12 बोरा जिलेटिन और 50 किलो से अधिक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया। इस मामले में एनआईए ने एक संदिग्ध के संबंधी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम बदल गया है। आसमान में बादल छाये हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अप्रैल तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है।

*******समाप्त*******